आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 21.01.2026                    समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर। दोपहर ऋषिकेश के स्वर्गाश्रम स्थित गीता भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।
- केंद्र सरकार ने केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में संशोधन कर उपयोगकर्ता शुल्क भुगतान अनुपालन को सशक्त बनाया।
- प्रदेश में बारिश न होने से खेती–बागवानी पर पड़ रहा असर। चंपावत जिले में रबी की 15 प्रतिशत फसल को नुकसान पहुंचा।
- टिहरी जिले के गांवों में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक।

**गृह मंत्री**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज दो दिवसीय उत्तराखंड के दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे ऋषिकेश और हरिद्वार के धार्मिक, सांस्कृतिक और स्वास्थ्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उनके आगमन को लेकर सुरक्षा की चाक–चौबंद व्यवस्था की गई है। गृहमंत्री आज दोपहर ऋषिकेश के स्वर्गाश्रम स्थित गीता भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे गीता प्रेस की ओर से प्रकाशित प्रतिष्ठित मासिक पत्रिका 'कल्याण' के शताब्दी अंक के विमोचन समारोह को संबोधित करेंगे। श्री शाह कल हरिद्वार में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

**केंद्रीय मोटर वाहन**

केंद्र सरकार ने टोल प्लाजा पर उपयोगकर्ता शुल्क भुगतान के अनुपालन को सशक्त करने के लिए केंद्रीय मोटर वाहन–द्वितीय संशोधन– नियम, 2026 को अधिसूचित किया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इस संबंध में जानकारी दी है। इस पहल का उद्देश्य उपयोगकर्ता शुल्क अनुपालन में सुधार करना, इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह की दक्षता बढ़ाना और राष्ट्रीय राजमार्गों पर उपयोगकर्ता शुल्क चोरी रोकना है।

## वनाग्नि रोकथाम

प्रदेश में बारिश न होने के कारण जंगलों में आग लगने की घटनाएं सामने आने लगी हैं। वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक वनाग्नि की घटनाएं गढ़वाल मंडल में सामने आ रही हैं। परियोजना एवं सामुदायिक वानिकी के मुख्य वन संरक्षक सुशांत पटनायक ने बताया कि हाल के दिनों में प्रदेश में वनाग्नि को लेकर अलर्ट्स की संख्या तेजी से बढ़ी है। गढ़वाल जोन में अब तक करीब बारह सौ अलर्ट प्राप्त हुए हैं, जबकि कुमाऊं जोन में 498 अलर्ट सामने आए हैं। इसके अलावा वन्य जीव क्षेत्र में भी 254 अलर्ट दर्ज किए गए हैं। मुख्य वन संरक्षक ने बताया कि वनाग्नि की रोकथाम के लिए कई स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं।

## फिल्म महोत्सव

'आवाज़ सुने पहाड़ों की फिल्म महोत्सव' का पहला संस्करण कल देहरादून में आयोजित किया जाएगा। सात दिवसीय इस महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। फिल्म महोत्सव के आयोजक नरेंद्र रौथाण ने बताया कि इसमें दुनिया के 100 से अधिक देशों से एक हजार 238 से ज्यादा फिल्म प्रविष्टियां प्राप्त हुईं हैं और चयन प्रक्रिया के बाद 98 फिल्मों को आधिकारिक चयन में शामिल किया गया है। ये फिल्में एनिमेशन शॉर्ट, डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट, फीचर फिल्म और डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

## फसल नुकसान

प्रदेश में बारिश न होने के चलते फसलों को नुकसान हुआ है। चम्पावत जिले में भी फसलों को खासा नुकसान पहुंचा है। गेहूं, सरसों और मटर सहित विभिन्न तिलहनी व दलहनी फसलें सूखने के कगार पर हैं। वहीं, मुख्य कृषि अधिकारी धनपत कुमार ने बताया कि विभाग के प्राथमिक सर्वेक्षण में सामने आया है कि जनवरी दूसरे सप्ताह तक जिले के पर्वतीय भू—भाग में सूखे के कारण रबी की 15 प्रतिशत फसल को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि सूखे से हुए नुकसान का प्राथमिक आकलन शासन को भेजा जा रहा है।

वहीं, पिछले करीब तीन महीने से बारिश न होने से किसानों ने जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की है। किसान भैरव दत्त राय ने बताया कि बारिश न होने से पालक, मेथी, राई, लाई, लहसुन, प्याज के अलावा गेहूं, जौ, मटर आदि को नुकसान हुआ है।

**टास्क फोर्स बैठक**

टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक ली। बैठक में ग्रामीण पर्यटन विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी विकासखंड अधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्र के प्रधानों के साथ बैठकर प्रस्ताव बनाने और जिला उद्यान अधिकारी को जौनपुर मे हॉर्टी विलेज विकसित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि पिछले माह सभी एसडीएम की अध्यक्षता में विकासखंड स्तर पर ग्राम पर्यटन विकास समिति का गठन किया गया है। इसका उद्देश्य ग्रामों में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देना व विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना है। पर्यटन विभाग ने ग्राम टास्क फोर्स के तहत पहले चरण में चम्बा विकासखंड के ग्राम सौड़ को साहसिक पर्यटन और समुदाय आधारित पर्यटन के लिए चयनित किया है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि समिति की बैठक में जौनपुर विकासखंड के ग्राम सेंदुल और जाखणीधार विकासखंड के खैट पर्वत के निकट स्थित ग्राम थात को भी इस योजना के अंतर्गत सम्मिलित किए जाने का सुझाव दिया गया।

**टाउन हॉल**

देहरादून नगर निगम के ऐतिहासिक टाउन हॉल को उत्तराखण्ड की समृद्ध पहाड़ी संस्कृति से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। टाउन हॉल में पारंपरिक शिल्प कार्य और सौन्दर्यकरण किए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे भवन में प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और लोक परंपराओं की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दे सके। इसके तहत टाउन हॉल में सौन्दर्यकरण का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। वर्तमान में टाउन हॉल की बाहरी दीवारों पर पहाड़ी संस्कृति से जुड़े पारंपरिक चित्र, लोक कला और शिल्प का कार्य किया जा रहा है। आने वाले समय में भवन के अंदरूनी हिस्सों में भी इसी थीम पर कार्य किया जाएगा। इस पहल से न केवल टाउन हॉल का सौंदर्य बढ़ेगा, बल्कि यह उत्तराखण्ड की पहचान और सांस्कृतिक गौरव को भी प्रदर्शित करेगा।

**महिला बजट**

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने प्रदेश के बजट में महिला–केंद्रित योजनाओं के लिए 30 प्रतिशत धनराशि आरक्षित करने का सुझाव दिया है। इस संबंध में उन्होंने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में बताया कि प्रदेश में लगभग दो दशकों से जेंडर बजटिंग की व्यवस्था लागू है, लेकिन शुरू में इसमें बजट का कम हिस्सा दिया जाता था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष जेंडर बजट में वृद्धि की है। श्रीमती आर्या ने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को सही अर्थों में सशक्त बनाने तथा उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत करने के लिए अधिक धनराशि की आवश्यकता है।